भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2528

08अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) का आंध्रप्रदेश खनिज विकास निगम के साथ समझौता

2528. श्री वि. विजयसाई रेड्डी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आरआईएनएल ने आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के कुकुनूर से लौह अयस्क के निष्कर्षण के लिए आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम (एपीएमडीसी) के साथ समझौता किया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसे सरकार द्वारा मंजूरी देने की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इस प्रस्ताव को मंजूरी हेतु नीति आयोग को भेजा गया था, और यदि हाँ, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)

(क) से (ग): जी, नहीं। तथापि, दिनांक 27.01.2017 को राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड(आरआईएनएल) और एपीएमडीसी के बीच निम्न लिखित हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ता क्षर किए गए हैं:-

i) कुकुनूर मंडल, पश्चिम गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश में लौह अयस्कन का गवेषण और दोहन।

ii) पारस्परिक हितवाले विकास के अन्य क्षेत्रों में सहभागिता।

तत्पपश्चात् आरआईएनएल ने कुकुनूर ब्लॉक क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता वाले लौह अयस्क की उपलब्धता का पता लगाने के लिए उस क्षेत्र में भूभौतिकीयसर्वेक्षण कराने हेतु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, दक्षिणी क्षेत्र (जीएसआई-एसआर), हैदराबाद के साथ चर्चा की है।

(घ): नीति आयोग को मंजूरी के लिए ऐसा कोई प्रस्ता व नहीं भेजा गया है।

*****